<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये थमा चुनाव प्रचार। प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों में मतदान कल।
- बसपा ने तीन और संसदीय क्षेत्रों के लिये जारी की प्रत्याशियों की सूची। कन्नौज में सपा ने बदला प्रत्याशी। अब अखिलेश यादव लड़ेंगे चुनाव।
- प्रदेश में संसदीय चुनाव को लेकर और तेज हुआ प्रचार। वादों और आरोप–प्रत्यारोप के बीच नेता कर रहे चुनावी रैलियां।
- एनटीए ने जारी किया जेईई मेंस दो हजार चौबीस का परिणाम। छप्पन परीक्षार्थियों ने हासिल किये शत प्रतिशत स्कोर।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव प्रचार कल शाम थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा, बसपा और इंडिया गठबंधन समेत अन्य उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में माहौल बनाया। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर ने हापुड़ जनपद के पिलखुवा में रोड शो कर वोट मांगे। वहीं हापुड़ में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने रोड शो किया। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अमरोहा के पपसरा गांव में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पोलिंग पार्टियां और सुरक्षाकर्मी आज से ही पोलिंग बूथों पर रवाना होंगे। इस चरण में कल वोट डाले जायेंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर कुल इक्यानबे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। गौतमबुद्धनगर और मथुरा सीट पर सर्वाधिक पन्द्रह–पन्द्रह और बुलंदशहर में सबसे कम छः प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला एक करोड़ सड़सठ लाख सतहत्तर हजार एक सौ अट्ठानबे मतदाता करेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने एक संसदीय सीट का प्रत्याशी बदलने के साथ ही दो और लोकसभा क्षेत्रों के लिये प्रत्याशियों की सातवीं सूची जारी की है। पार्टी ने भदोही से अतहर अंसारी की जगह अब इरफान अहमद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष भीम राजभर और हमीरपुर से निर्दोष कुमार दीक्षित को प्रत्याशी बनाया गया है। बहुजन समाज पार्टी ने अब तक छाछठ संसदीय सीटों पर अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

**********

प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। इस बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। दो दिन पहले पार्टी ने कन्नौज सीट से उम्मीदवार के तौर पर तेज प्रताप यादव के नाम की घोषणा की थी लेकिन बाद में अखिलेश यादव ने इस सीट से लड़ने का फैसला किया।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसमें ताज नगरी आगरा की अहम सीट भी शामिल है। आगरा के चुनावी परिदृश्य पर पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

***आगरा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। वर्ष 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि इमरजेंसी के बाद देश में कांग्रेस विरोधी लहर में चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय लोक दल ने यहां पर जीत दर्ज की। हालांकि, उसके बाद 1980 और 1984 के दो चुनावों में यहां पर कांग्रेस फिर जीती पाई। 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया। उसके बाद 1991,1996,1998 में देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भगवान शंकर रावत भाजपा से सांसद रहे। वर्ष 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े फिल्म अभिनेता राजबब्बर यहां सांसद रहे। वर्ष 2009 और 2014 भाजपा ने इस सीट पर कब्जा किया और राम शंकर कठेरिया सांसद बने। वर्ष 2019 में भाजपा ने अपना प्रत्याशी बदल यहां से प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को चुनाव लड़ाया और वह सांसद बने। इस बार भाजपा ने एसपी सिंह बघेल सपा ने सुरेश चंद कर्दम और बसपा ने पूजा अमरोही को प्रत्याशी बनाया है। सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार तेज कर दिया है। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार, आगरा।***

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल शाम वाराणसी में लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद एक महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल का कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाने का जो कार्य नरेंद्र मोदी ने किया है, उसे और आगे बढ़ाने के लिये तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है जबकि दूसरे चरण के अन्तर्गत कल वोट डाले जायेंगे। इस बीच, बाकी बचे चरणों के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने चुनाव प्रचार और तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा को मिलने वाला एक–एक वोट हर व्यक्ति की सुरक्षा, सुशासन और संप्रभुता को सुनिश्चित करता है। भारतीय जनता पार्टी भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के संकल्पना को लेकर आगे बढ़ रही है। मैनपुरी लोकसभा से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में समाजवादी पार्टी ने कल सैफई में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से चली हवा भाजपा का सफाया कर रही है। पहले चरण ने रूझान दे दिया है कि जनता भाजपा के खिलाफ है। वहीं वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। उधर, बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कल गोरखपुर के सरदारनगर में एक चुनावी जसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में बेरोजगारी तथा गरीबी राशन देने से नहीं बल्कि नौकरी देने से दूर होगी। आकाश आनंद ने भाजपा के साथ ही सपा और कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि साठ साल तक शासन करने वाली कांग्रेस अब भारत जोड़ो की बात कर रही है।

**********

आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डॉ. वसुधा गुप्ता ने कल मथुरा आकाशवाणी केंद्र और दूरदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी कीं। डॉ. वसुधा गुप्ता ने कहा कि स्थानीय रेडियो स्टेशन द्वारा स्थानीय समस्याओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया जाए। साथ ही स्थानीय संस्कृति और रीति रिवाजों का भी पूरा ध्यान रखा जाये, जिससे ब्रज की संस्कृति, कला और साहित्य को जन–जन तक पहुंचाया जा सके।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने कल देर रात संयुक्त प्रवेश परीक्षा, जेईई मेंस 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। 56 परीक्षार्थियों ने 100 प्रतिशत स्कोर हासिल किया है। इसमें अधिकतम छात्र तेलंगाना से हैं। रिजल्ट jeemain.nta.ac पर जारी किया गया है। जो छात्र जेईई मेन्स 2024 सत्र दो परीक्षा में शामिल हुए हैं, वह जेईई मेंस की आधिकारिक वेबसाइट से परिणाम चेक कर सकते हैं। जेईई मेन्स सत्र दो 2024 के लिए परीक्षा 4 से 12 अप्रैल तक देश के 319 शहरों और विदेश के 22 शहरों में हुई। जेईई मेंस परीक्षा में लगभग बारह दशमलव पांच सात लाख छात्रों ने भाग लिया जबकि परीक्षा के लिए 24 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था। परीक्षा परिणाम जारी करने के साथ राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करने के लिए 39 उम्मीदवारों को तीन साल के लिए जेईई–मेन देने से रोक दिया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, यूपी बोर्ड ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम में अपने नम्बरों से असंतुष्ट विद्यार्थियों को कॉपियों की दोबारा जांच कराने का मौका दिया है। यूपी बोर्ड की तरफ से स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित की गई है। विद्यार्थी यूपी बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर आवेदन कर सकेंगे। जांच कराने के लिए प्रति प्रश्न पत्र 500 रुपये का शुल्क राजकीय कोषागार में जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी और जमा शुल्क के चालान की प्रति  पंजीकृत डाक से बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

**********